


Shri Pran Kumar Sharma (Posthumous)


Shri Pran Kumar Sharma was a well known cartoonist. He is considered as the father of Indian Comics for his first indigenous cartoon strips created in 1960 having Indian characters, and based on local themes. More than 5 million readers all over the country regularly enjoy the exploits of his famous characters - Chacha Chaudhary, Sabu, Shrimati ji, Pinki, Billoo, Raman and Channie Chachi published in 10 Indian languages.

2. Born on August 15, 1938 in Kasur, now in Pakistan, Shri Sharma did his Masters degree in Political Science and Fine Arts Diploma from Sir J.J. School of Arts, Mumbai. He started his career in 1960 as a pocket cartoonist in Daily Milap newspaper. At that time foreign comics were very popular. He created Indian characters with local themes and humor. In 1971, first comic strip of Chacha Chaudhary was created. A few of his comic strips have been displayed in The International Museum of Cartoon Art, USA. In 1983, Late Smt. Indira Gandhi released his book on communal harmony, Raman - United We Stand.

3. Shri Sharma visited several countries like New York, Chicago, New Zealand, China, Malaysia, Korea, Australia, Rome, Russia, Italy, New Zealand, Spain, Belgium, Austria, Hungary and Czechoslovakia meeting new cartoonist there and giving lectures in the Universities.

4. Shri Sharma received various honours and awards. In 1995, he was given Limca Book of Awards as the most profolic cartoonist. In 2001, he received Life Time Achievement Award from Indian Cartoonist Association. In 2014, Comic Con too gave him Life Time Achievement Award.

5. Shri Sharma passed away on August 05, 2014.



श्री प्राण कुमार शर्मा (मरणोपरांत)

श्री प्राण कुमार शर्मा, एक सुविख्यात कार्टूनिस्ट थे। वर्ष, 1960 में भारतीय विशेषताओं से युक्त और स्थानीय विषयों के आधार पर तैयार की गईं आपकी प्रथम देशी कार्टून स्ट्रिप्स के लिए आपको भारतीय कॉमिक्स का जनक माना जाता है। पूरे देश में 5 लाख से अधिक पाठक, 10 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित आपके प्रसिद्ध पात्रों चाचा चौधरी, साबु, श्रीमतीजी, पिंकी, बिल्लू, रमन और छन्नी चाची के कारनामों का नियमित रूप से आनन्द लेते हैं।

2. आपका जन्म अगस्त 15, 1938 को कसूर में हुआ, जो अब पाकिस्तान में है। आपने सर जे.जे.स्कूल ऑव आर्टस् , मुम्बई से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर (मास्टर) की उपाधि हासिल की और फाइन आर्टस् में डिप्लोमा लिया । आपने वर्ष, 1960 में मिलाप में एक पॉकेट कार्टूनिस्ट के रूप में अपना कॅरिअॅर शुरू किया। उस समय, विदेशी कॉमिक्स बहुत लोकप्रिय थे। आपने स्थानीय विषयों और हास्य से भारतीय पात्रों का सृजन किया। वर्ष, 1971 में चाचा चौधरी की पहली कॉमिक स्ट्रिप का सृजन किया गया। आपके कॉमिक्स की कुछ स्ट्रिप्स को संयुक्त राज्य अमेरिका के द इंटरनेशनल म्यूजियम ऑव कार्टून आर्ट में प्रदर्शित किया गया है। वर्ष, 1983 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरागांधी ने साम्प्रदायिक सद्भाव पर आपकी पुस्तक रमन-यूनाइटेड वी स्टेण्ड को जारी किया।

3. आपने नए कार्टूनिस्टों से मिलने और वहां के विश्वविद्यालयों में व्याख्यान देने के लिए न्यूयॉर्क, शिकागो, न्यूज़ीलैंड, चीन, मलेशिया, कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, रोम, रूस, इटली, स्पेन, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, हंगरी और यूको स्लोवाकिया जैसे कई देशों की यात्रा की ।

4. आपको कई सम्मानों और पुरस्कारों से नवाज़ा गया है। वर्ष, 1995 में आपको सर्वाधिक प्रभावशाली कार्टूनिस्ट के रूप में लिम्का बुक ऑव अवॉर्डर्स से सम्मानित किया गया। वर्ष, 2001 में आपको भारतीय कार्टूनिस्ट एसोसिएशन की ओर से जीवनपर्यन्त उपलब्धि पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष, 2014 में कॉमिक कॉन ने भी आपको जीवनपर्यन्त उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया।

5. अगस्त 05, 2014 को आपका निधन हो गया।